(b) The Yoga teacher's posted there worked from 27-2-82 to 22-12-88.

(c) The post has been withdrawn with effect from 22-12-88.

(d) The school is to be closed on 30-4-894 The teacher was transferred on 22-12-88 as the school was to close from 23-12-88 to 9-2-89 for winter vacation and the services of Yoga teacher were no longer required as there were very few students in Classes VI to X.

इलाहाबाद में राजधानी एक्सप्रेस का रोका जाना

3388. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नेहरू शताब्दी वर्ष के महत्व को देखते हुए क्या सरकार इलाहाबाद में न रूकने वाली एकमात्र राजधानी एक्सप्रेस गाड़ी को इलाहाबाद में रोकने की व्यवस्था करने और इलाहाबाद-कानपुर-इलाहाबाद अंतरनगरीय रेल चलाये जाने पर नये सिरे से विचार कर रही है ; और

(ख) 1987, 1988 और 1989 के दौरान किन-किन गाड़ियों को ग्वालियर स्टेशन पर रोके जाने के आदेश दिये गये हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महाबीर प्रसाद) : (क) जी नहीं, तथापि प्रस्तावित कटिहार-दिल्ली एक्सप्रेस इलाहाबाद और कानपुर के बीच प्रातः तथा वापसी में सायं को अन्तरनगरीय गाड़ी के रूप में सेवित करेगी ।

(ख) केरल-मंगला और कर्नाटक एक्सप्रेस को ग्वालियर में ठहराव दिया गया था लेकिन तमिलनाडु और आन्ध्र प्रदेश एक्सप्रेस वहां नहीं रुकती हैं ।

3389. [*Transferred to the 30th March, 1989*].

राष्ट्रीय नेताओं/स्वतन्त्रता/सेनानियों के जन्मशती समारोह

3390. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय नेता, स्वतंत्रता सेनानी आचार्य कृपलानी, डा० सम्पूर्णानन्द तथा श्री श्री प्रकाश के जन्म-शती समारोह को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने का विचार रखती है ; और

(ख) यदि हां, तो कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही) : (क) और (ख) शताब्दी समारोहों का आयोजन केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों और नागरिक मंचों द्वारा, समितियों का गठन करके, किया जाता है और सरकार द्वारा सेमिनारों, प्रकाशनों और अन्य शताब्दी कार्यकलापों जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के लिए सहायता दी जाती है । संस्कृति विभाग भी पंजीकृत स्वैच्छिक संगठनों को गुणवगुण के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

गुजरात सरकार ने श्री आचार्य कृपलानी की जन्मशताब्दी मनाने के लिए एक समिति का गठन किया है । शताब्दी वर्ष के दौरान संचार मंत्रालय द्वारा एक स्मारक डाक-टिकट कार्यक्रमानुसार जारी किया जाना है ।

डा० सम्पूर्णानन्द के जन्म शताब्दी समारोहों के लिए पंजीकृत स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है । की जा रही है । श्री श्रीप्रकाश जन्म शताब्दी समारोह के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश, असम, तमिलनाडु और महाराष्ट्र की सरकारों को यह सलाह दी गई है । कि वे समारोह का आयोजन उपयुक्त रूप से करें ।

दिल्ली में वाहनों की पंजीकरण संख्या में परिवर्तन

3391. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1987, 1988 और 1989 में जिन वाहन के मालिकों की गाड़ियों के नंबर एक अंक में बदले गए, उन वाहनों के मालिकों के नाम तथा पद क्या-क्या हैं; और